आईडीएसपी की राष्ट्रीय समीक्षा बैठक में मध्य प्रदेश सम्मानित

चर्चा में क्यों?

21 जून, 2022 को एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) और इसके अंतरगत संक्रामक बीमारियों के विषय में तत्काल सूचना प्राप्त कर नियंत्रण और रोकथाम के उद्देश्य से आईएचआईपी (इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन प्लेटफॉर्म) में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- नई दिल्ली में हुई आईडीएसपी की राष्ट्रीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने आईडीएसपी के उप-संचालक डॉ. योगेश कौरव और डॉ. एम.पी.एस. चौहान को सम्मान-पत्र प्रदान किया।
- गौरतलब है कि आईएचआईपी कार्यक्रम में पहले ही चरण में 1 अक्टूबर, 2021 को पूरी तरह पेपरलेस के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है।
- बैठक में आईएचआईपी संयुक्त संचालक डॉ. हिमांशु चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश पहले चरण में आईडीएसपी के अंतरगत संक्रामक बीमारियों की पहचान, बचाव और रोकथाम से संबंधित संपूर्ण जानकारी को आईएचआईपी में पेपरलेस करने में सफल हुआ है।
- उन्होंने अन्य राज्यों से भी आईएचआईपी में पेपरलेस बनने हेतु मध्य प्रदेश का अनुसरण करने को कहा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-honored-in-idsps-national-review-meting